मूंग खरीदी की मांग पर किसानों का भोपाल कूच, नर्मदापुरम में बैरिकेडिंग टूटी

▶ किसानों का कहना जब तक उनकी प्रमुख मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. मूंग की शत-प्रतिशत सरकारी खरीदी और खाद वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर भोपाल कूच कर रहे किसानों ने सोमवार को नर्मदापुरम में पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी. नर्मदा ब्रिज पर पुलिस और किसानों के बीच आमना-सामना हुआ.

इसी दौरान एक किसान भावुक होकर एसपी साईं कृष्णा एस. थोटा के पैरों में गिर पड़ा और बार-बार कहता रहा, हमारी बात मान लो... मूंग खरीद लो.

किसान की भावुक अपील पर एसपी ने उसे उठाकर गले लगाया और समझाने का प्रयास किया.आंदोलन के दौरान मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही. इस बीच क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर सिंह राजपूत को रिहा कर दिया गया. हालांकि, आंदोलन से जुड़े करीब 40 किसान नेता अब भी हिरासत या नजरबंद बताए जा रहे हैं. किसानों का कहना है कि जब तक उनकी प्रमुख मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा.

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को प्रस्तावित भोपाल कूच और मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर पूरे नर्मदापुरम संभाग में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया. नर्मदापुरम, हरदा, इटारसी, डोलरिया, सिवनी मालवा और पिपरिया सहित कई क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया. प्रमुख मार्गों पर तीन-स्तरीय बैरिकेडिंग की गई, वाहनों की सघन जांच हुई और हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रही. कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से करीब 40 किसान नेताओं को एहतियातन हिरासत में लिया गया या नजरबंद किया गया.

अंडे के ठेले पर सिलेंडर ब्लास्ट

इटारसी,27 जुलाई. शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र में स्थित व्यस्ततम इलाकों में शामिल श्रीराम मेडिकल के सामने उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अंडे के ठेले पर अचानक भीषण आग लग गई. देखते ही देखते ठेले पर रखा रसोई गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया.

धमाका इतना तेज था कि उसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी. गनीमत रही कि ठेले के ठीक पीछे स्थित भारी-भरकम बिजली ट्रांसफार्मर (डीपी) तक आग नहीं पहुंची, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. विस्फोट के तुरंत बाद आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई.

हादसे में एक पुलिसकर्मी सहित पांच लोग घायल- सिलेंडर ब्लास्ट में कुल पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक पुलिस आरक्षक और चार नागरिक शामिल हैं।

-अनुपम (37 वर्ष) - लगभग 18 से 20 प्रतिशत तक झुलस गए।
-कमल मीणा (40 वर्ष) - गर्दन के पिछले हिस्से में लोहे अथवा सिलेंडर का टुकड़ा लगने से गंभीर चोट आई।
-आरक्षक राजकुमार चौहान - ड्यूटी के दौरान घायल हुए।
-अंशु कहार (37 वर्ष) - लगभग 5 से 10 प्रतिशत तक झुलसे।
-सुभाष साहू (40 वर्ष) - मामूली रूप से घायल हुए।

▶ 112 की टीम ने दिखाई तत्परता

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। डायल-112 के पायलट राजेश ठाकुर एवं आरक्षक असलम ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल पहुंचाया.

चिकित्सकों के अनुसार, सभी घायलों का उपचार जारी है तथा उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

एक नजर में

निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

माखन नगर, 27 जुलाई. कारगिल विजय दिवस के अवसर पर माखन नगर स्थित श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय सभागार मे कारगिल दिवस देशभक्ति और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता दुबे डां सुमन अवस्थी ने इस अवसर पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और कारगिल युद्ध के शहीदों के शौर्य, त्याग और देशभक्ति को अपने शब्दों और चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. नीता चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल दिवस हमें उन वीर जवानों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी लेफ्ट डॉ आई एस कनेश ने उपस्थित एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं को प्रेरणा लेकर अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा के भाव को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोगी के रूप में डॉ. संगीता मिश्रा, सुश्री शिवानी मालवीय, डॉ. मनीष शर्मा और सुश्री शीतल वर्मा उपस्थित रहीं। सभी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजकुमार पटवा में बताया कि कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ संपन्न हुआ। पूरे माहौल में देशभक्ति के गीतों से वातावरण गूंजता रहा.

समाजसेवी एस.एस. ठाकुर को श्रद्धांजलि

नर्मदापुरम, 27 जुलाई .नर्मदा शिक्षा समिति एवं नव अंकुर संस्था के संयुक्त तत्वावधान मंय नर्मदा शिक्षा समिति सभागार में समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्रद्धेय एस.एस. ठाकुर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, व्यापारियों, समाजसेवियो एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर ठाकुर साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए और पुष्पांजलि दी. कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पंडित भवानी शंकर शर्मा ने स्वर्गीय ठाकुर साहब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को याद करते हुए उनके धार्मिक जीवन एवं यात्राओं से जुड़े संस्मरण साझा किए। राष्ट्रीय कवि सुरेश उपाध्याय ने ठाकुर साहब के साथ अपनी मित्रता और बचपन की यादों को भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया.
वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश पालीवाल, जितेंद्र तिवारी, के के जराठे एवं आर.एस. ठाकुर ने भी ठाकुर साहब से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका निधन अधिवक्ता संघ परिवार और पूरे शहर के लिए अपूरणीय क्षति है.

अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्यवाही जारी

▶ 02 पनडुब्बियां की गई जप्त

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में 26 जुलाई 2026 को तहसील सिवनी मालवा के ग्राम बाबरी और पथाडा में संयुक्त जांच दल ने कार्रवाई की। जांच के दौरान दोनों गांवों में रेत का अवैध उत्खनन करते 02 पनडुब्बियों को जप्त कर लिया गया। जप्त पनडुब्बियों को पुलिस अभिरक्षा में सिवनी मालवा थाने में सुरक्षित रखा गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संबंधित अवैध उत्खनकर्ताओं के खिलाफ मध्य प्रदेश खनिज (अवैध उत्खन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में कृष्णकांत परस्ते, प्रमुख खनिज निरीक्षक, हेमंतराज, खनिज सिपाही और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा.

रोग शिविर का आयोजन, 90 बंदियों की जांच की गई

नर्मदापुरम, 27 जुलाई. केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड-अ में बी.पी. और हृदय रोग से पीड़ित बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष हृदय रोग शिविर आयोजित किया गया. यह शिविर समाज सेवी भावना बिष्ट, नर्मदापुरम के सहयोग से लगाया गया। शिविर में न्यू साहू हार्ट केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. मनोज साहू अपनी सहायक टीम के साथ उपस्थित रहे। डॉ. साहू एवं उनकी टीम ने बंदियों के हृदय संबंधी रोगों की जांच की और उपचार व बचाव के उपायों की जानकारी दी। जेल प्रशासन के अनुसार शिविर में कुल 90 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 60 पुरुष बंदी और 30 महिला बंदी शामिल थीं। जांच के दौरान 03 पुरुष बंदियों का ई.सी.जी. भी किया गया.

लॉयन क्लब इटारसी समर्पण का संस्थापन समारोह संपन्न

इटारसी, 27 जुलाई. लॉयन क्लब इटारसी 'समर्पण' का वर्ष 2026-27 का संस्थापन समारोह रविवार, 26 जुलाई को प्लेटिनम रिसोर्ट, इटारसी में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. समारोह में विभिन्न शहरों से आए लॉयन पदाधिकारियों एवं अतिथियों की उपस्थिति रही. उज्जैन से पधारे संस्थापन अधिकारी एमजेएफ लॉयन संजय सक्सेना (वीडीजी-2) ने नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का संकल्प दिलाया.

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

इटारसी, 27 जुलाई. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं स्वच्छता मानकों के अनुपालन में जनपद पंचायत केसला द्वारा ग्राम पंचायतों को स्वच्छ एवं अपशिष्ट-मुक्त बनाने के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, क्लस्टर प्रभारी एवं ब्लॉक समन्वयकों ने भाग लिया. प्रशिक्षण के दौरान गीले एवं सूखे कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्कीकरण तथा नियमित संग्रहण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई. सुरक्षित निस्तारण की तकनीकी जानकारी भी दी गई. स्थानीय आवश्यकताओं एवं भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार की गई.

मोबाइल जागरूकता वैन को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

▶ किसान 31 जुलाई तक फसल बीमा करवा सकते है

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 27 जुलाई. जिले के किसानों को खरीफ 2026 की अधिसूचित फसलों का बीमा समय पर कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. कलेक्टर परिसर से सोमवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत हिमांशु जैन, सहायक संचालक कृषि शैलैन्द्र राठौर और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रबंधक अक्षय राठौर उपस्थित रहे.

वैन जिले के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को फसल बीमा के लाभ, प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी देगी. इसका उद्देश्य किसानों को मौसम की अनिश्चितता और प्राकृतिक आपदा से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाना है. कलेक्टर ने अपील की कि अलनीनो प्रभाव के कारण इस बार मौसम की विपरीत परिस्थितियों की संभावना अधिक है. ऐसे में किसान भाई आर्थिक जोखिम से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा कराएं. भारत सरकार के राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के अनुसार खरीफ 2026 मौसम के लिए बीमांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है. तय तारीख तक बीमा कराना अनिवार्य होगा। किसानों की सुविधा के लिए भारत सरकार के कृषि रक्षक पोर्टल का हेल्पलाइन नंबर 14447 भी जारी किया गया.

मन की बात का किया सामूहिक श्रवण

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 27 जुलाई.भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ठाकुर सुरेश पटेल के मार्गदर्शन में भाजपा किसान मोर्चा, जिला नर्मदापुरम द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण एवं टिफिन पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सुहागपुर विधानसभा के माखन नगर मंडल के बूथ क्रमांक 92 पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ठाकुर सुरेश पटेल, भाजपा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष निखिलेश चतुर्वेदी एवं आकाश तिवारी, नगर पालिका प्रतिनिधि मनीष चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, फूलचंद यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सिल्लू मालवीय, पार्षद बलराम यादव, रहे.

धर्म, मर्यादा और राष्ट्रधर्म का दिया संदेश

सिवनी मालवा 27 जुलाई 2026, सिवनी मालवा तहसील के पावन माँ नर्मदा तट स्थित आंवलीघाट में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस भगवान श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानस प्रवक्ता एवं सुप्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी सुश्री अंजली आर्या (करनाल, हरियाणा) ने भगवान श्रीराम के दिव्य अवतरण का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा, सेवा, त्याग का प्रेरणादायी संदेश दिया.

हरचंद में गूंजा नशे से दूरी है ज़रूरी

▶ शपथ के साथ युवाओं ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 27 जुलाई. मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान के तहत विकासखंड सोहागपुर के ग्राम सेमरी हरचंद में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा के मार्गदर्शन तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं और ग्रामीणजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत गांव में मानव श्रृंखला बनाकर की गई. इसके बाद जागरूकता रैली गांव के मुख्य मार्गों से निकाली गई. कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्री विवेक यादव ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई. उन्होंने नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी.

प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

नर्मदापुरम, 27 जुलाई. जिले के प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, सिंगरौली द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में रोजगार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन द्वारा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।जारी कार्यक्रम के अनुसार 30 जुलाई को माखननगर, 31 जुलाई को सोहागपुर, 3 अगस्त को पिपरिया, 4 अगस्त को बनखेड़ी, 5 अगस्त को सिवनी मालवा, 6 अगस्त को केसला तथा 7 अगस्त को नर्मदापुरम जनपद पंचायत में रोजगार शिविर आयोजित होंगे।

जिला पंचायत ने संबंधित अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

आयोजन | शिक्षिकाओं को संस्कार केंद्रों के सुचारु संचालन तथा सेवा कार्यों के प्रति अधिक दक्ष एवं प्रेरित बनाना था

संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

इटारसी, 27 जुलाई. सेवा भारती मध्यभारत, जिला नर्मदापुरम द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सेवा भारती बालिका छात्रावास में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षिकाओं को संस्कार केंद्रों के सुचारु संचालन, प्रभावी शिक्षण पद्धति तथा सेवा कार्यों के प्रति अधिक दक्ष एवं प्रेरित बनाना था.

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियां

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रावास अध्यक्ष विजय अग्रवाल, नीरज चौहान, प्रशांत सोलंकी, बीरेंद्र दीक्षित, मनोज राय, सुमित्रा तोमर एवं कमलेश भदौरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि संस्कार केंद्र केवल शिक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रभाव जागृत करने का प्रभावी माध्यम हैं.विभाग समन्वयक शिवप्रताप सिंह एवं कविता राजपूत ने शिक्षिकाओं को पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि, प्रार्थना, गीत तथा विभिन्न गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया. स्मृता तोमर, खुशबू भदौरिया, मोनिका नामदेव, खुशी माली, पूनम तोमर एवं दीपा उइके ने खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया.समापन सत्र में जिला अध्यक्ष सतीश सावरिया एवं अनिल गेलानी ने बताया कि सेवा भारती शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्य कर रही है. उन्होंने आगामी माह में जिले की सेवा बस्तियों में नए संस्कार केंद्र प्रारंभ करने का संकल्प दोहराया.

कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 11वीं पुण्यतिथि

इटारसी, 27 जुलाई. भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की 11वीं पुण्यतिथि इटारसी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई. इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, जिला संगठन महासचिव मधुसूदन यादव एवं युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ओमसेन, अल्पसंख्यक विभाग के जिला प्रभारी अब्दुल अहद खान, राष्ट्रीय सदस्य परमजीत लाली सलूजा, अनुशासन समिति के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मालवीय, इंटक जिला अध्यक्ष शेख रमजान, जमील अहमद, रहे.

नाम परिवर्तन सूचना

मै प्रभा सिंह राजपूत ग्राम जासलपुर पोस्ट जासलपुर संभाग होशंगाबाद राज्य मध्य प्रदेश पिन 461001 नंबर 21000123X हवलदार (क्लर्क एस डी) अंबुज सिंह राजपूत की माता हूं। मैं अपना नाम प्रभा सिंह राजपूत से प्रभा बाई और जन्म तिथी 01 जनवरी 1973 से 01 जनवरी 1974 करना चाहती हूं जिसका वर्णन मैंने शपथ पत्र संख्या 37AA481504 दिनांक 20 जुलाई 26 में किया है।

भवदीय- प्रभा सिंह राजपूत
ग्राम जासलपुर पोस्ट जासलपुर
संभाग होशंगाबाद राज्य मध्य प्रदेश